शिव आए यशोदा के द्वार

शिव आए यशोदा के द्वार मात मोहे दर्शन करा,
अभी सोया हुआ है नंदलाल बाबा ले भीख ले जा.....

कैलाश पर्वत से आया हूं माता,
दर्शन करा दे तेरे जीवन के दाता,
पैया परू में तिहार मात मोहे दर्शन करा,
शिव आए यशोदा के द्वार मात मोहे दर्शन करा....

गले तुम्हारे बाबा सर्पों की माला,
जिसे देख डर जाएगा मेरा लाला,
तुझे कैसे दिखाऊं अपना लाल बाबा ले भीख ले जा,
शिव आए यशोदा के द्वार मात मोहे दर्शन करा....

डरता है जिससे ब्रह्मांड सारा,
उसको डर आऊंगा मैं क्या बेचारा,
वह तो सबके जीवन का आधार मात मोहे दर्शन करा,
शिव आए यशोदा के द्वार मात मोहे दर्शन करा....

बड़ी मुरादों से शुभ दिन आया,
ढलती उमरिया में यह लाल पाया,
मेरी ढलती उमरिया का लाल बाबा ले भीख ले जा,
शिव आए यशोदा के द्वार मात मोहे दर्शन करा....

कहती है लाल तू जिसको माता,
वह तो है सारे जग का विधाता,
उसकी महिमा है अपरंपार मात मुझे दर्शन करा,
शिव आए यशोदा के द्वार मात मोहे दर्शन करा....

आंचल से ढक कर लाई यशोदा,
भोले को देख मुस्काए लाला,
या को नाम धरो गोपाल मात मोहे दर्शन करा,
शिव आए यशोदा के द्वार मात मोहे दर्शन करा....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27673/title/shiv-aaye-yashoda-ke-dwar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |